हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026



### शंकरपुर क्षेत्र में आज शाम जलापूर्ति नहीं

राजनांदगांव। टंकी सफाई करने की कड़ी में शंकरपुर टंकी की सफाई कार्य किया जाना है। इस कारण शंकरपुर टंकी स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पाएगा। इस वजह से शंकरपुर टंकी से 18 जनवरी को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 19 जनवरी सोमवार से सप्लाई सथावत रहेगी। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। 18 जनवरी को शंकरपुर टंकी की सफाई कारण उक्त टंकी नहीं भर पाएगी। जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी।

# तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं, कर्मियों ने बंद किया काम

## शीघ्र भुगतान की मांग, जीवन निर्वाह के लिए करना पड़ रहा कठिनाईयों का सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीन माह का वेतन और लगभग 2 वर्ष से ईपीएफ का भुगतान नहीं होने से नाराज नगर निगम के जल विभाग में कार्यरत कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। हालांकि शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर सुबह-शाम नल खोलने वाले वाल्वमेन अपनी सेवा दे रहे हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त अन्य सुधार काम बंद कर दिया गया है। आज जल विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारी टांकाघर परिसर में एकत्रित हुए और 3 माह से लंबित वेतन भुगतान शीघ्र देने मांग की।

नगर निगम में कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं होने का दस्तूर जारी है। जिससे कर्मचारियों को अपना जीवन निर्वाह करने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाने वाले जल विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को विगत अक्टूबर माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कई बार संबंधित ठेकेदार से वेतन भुगतान को लेकर गुहार भी लगाया, लेकिन वेतन नहीं दिया गया।

जिसके बाद अब जल विभाग के कर्मचारी आंदोलन की राह पर दिखाई दे रहे हैं। जल विभाग के कर्मियो का कहना है कि वेतन भुगतान के लिए उन्होंने कई बार निगम प्रशासन के अधिकारियो के पास भी गुहार लगाई है।

### कर्ज लेकर चला रहे घर

जल विभाग में कार्यरत दाताराम साहू, गोपाल दास मानिकपुरी सहित अन्य कर्मचारियों ने कहा कि तीन माह से उन्हें वेतन भुगतान नहीं किया गया है और यह चौथा महीना भी बीत रहा है, लेकिन भुगतान नहीं किया गया है। उनका कहना है कि वेतन नहीं मिलने की वजह से उन्हें अपने परिवार का पालन पोषण करने में समस्या हो रही है। लगभग 3 महीने से कर्ज लेकर अपने घर का खर्च चला रहे हैं।



### मरम्मत के काम थमे

कर्मचारियों ने बताया कि जब से नए ठेकेदार कार्य पर है, तब से इस तरह की समस्या हो रही है। शहर की जनता के लिए उन्होंने जल आपूर्ति को लेकर हड़ताल नहीं किया है, लेकिन शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो हड़ताल पर जाने मजबूर हो जाएंगे। जल विभाग में कार्यरत लगभग 58 कर्मचारी हैं। जिनके द्वारा काम बंद किए जाने से हैंडपंप, पाईप लाइन रिपेयरिंग सहित जल विभाग से संबंधित मरम्मत कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की भी होगी समीक्षा

# 10वीं-12वीं प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बच्चों के मन से परीक्षा का भय निकालने और उनकी तैयारी की समीक्षा करने को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। शहर के स्टेट हाईस्कूल में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की प्री-बोर्ड परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है, जो 23 जनवरी तक चलेगी।

परीक्षा का नाम आते ही विद्यार्थियों के मन में एक दबाव रहता है। वर्षभर पढ़ने के बाद भी परीक्षा नजदीक आते ही परीक्षा से पहले परिणाम की चिंता दिखाई देती है। बच्चों की इसी भय को दूर करने और परीक्षा को लेकर उनकी तैयारी की समीक्षा करने के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों की प्री-बोर्ड परीक्षा 16 जनवरी से शुरू हो गई है। शहर के स्टेट हाईस्कूल में बोर्ड परीक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रश्नों को हल करते अपनी परीक्षा को लेकर अपनी तैयारी परखी।



### फरवरी माह से बोर्ड परीक्षा

कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए बोर्ड परीक्षाओं की शुरूआत फरवरी माह के तीसरे सप्ताह से हो जाएगी। कक्षा 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ होकर 10 मार्च तक चलेगी। वहीं कक्षा दसवीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक आयोजित होगी। वहीं दृष्टिहीन और मूकबधिर विद्यार्थियों के लिए 13 मार्च तक अंतिम परीक्षा संपन्न होगी।

### कमी को सुधारने मिलता है मौका

स्टेट हाईस्कूल के प्राचार्य माधव सिंह ने बताया कि यह परीक्षा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाती है । उन्होंने कहा कि मुख्य परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के प्रैक्टिस के उद्देश्य से यह परीक्षा आयोजित की जाती है। वहीं विद्यार्थियों ने कहा कि प्री-बोर्ड परीक्षा से उनको अपनी तैयारी को समझने और कमी को सुधारने का मौका मिलता है।

### प्री-बोर्ड से दबाव होगा कम


प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित होने से जहां परीक्षा को लेकर बच्चे अपनी तैयारी की समीक्षा कर पाते है। वहीं इस परीक्षा से बोर्ड एग्जाम को लेकर दबाव भी काम होता है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष बोर्ड परीक्षाओं से पहले प्री-बोर्ड की परीक्षा स्थानीय स्तर पर ली जाती है, ताकि परीक्षा में किसी कमी को लेकर विद्यार्थी अपनी तैयारी पूरी कर सके।

### साधारण सभा की बैठक 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 21 जनवरी को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सभी सदस्यों से बैठक में आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। इसी प्रकार अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।






## खबर संक्षेप

### जयंती समारोह 20 को

**सोमनी।** ग्राम सांकरा में केंवट समाज के अराध्य देव गुहा निषादराज जयंती समारोह का आयोजन 20 जनवरी को किया गया है। इस मौके पर भगवान श्री राम, लक्ष्मण, सीता, गुहा निषादराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच रखा गया है। यह जानकारी निषाद समाज अध्यक्ष रामजी निषाद ने दी।

### नाथूनवागांव मंड़ई 25 को

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम नाथूनवागांव में आगामी 25 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में धरोहर महादेव हिरवानी का कार्यक्रम रखा गया है। सरपंच भुवाल साहू, उपसरपंच लुकेश्वर वर्मा, ग्राम प्रमुख रामचंद वर्मा आदि ने अंचल के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### मूकमाटी एक्सप्रेस का स्वागत

**डोंगरगढ़।** जबलपुर से रायपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के शनिवार को जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की महाकृति मूक माटी के नाम के साथ स्थानीय रेल्वे स्टेशन पहुंचने पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित समाज प्रमुखों ने स्वागत किया। इस दौरान स्टेशन मास्टर एवं रेल्वे स्टाफ को मिठाई वितरित किया गया। ट्रेन चालक को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया गया। यात्रियों को भी मिठाई, बिस्कुट एवं चाकलेट दिया गया। इस मौके पर चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन, राजकुमार जैन, सुभाषचंद जैन, दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, जयकुमार जैन, सुरेशचंद जैन, श्री दिगम्बर जैन युवा मंडल, जागृति महिला मंडल, श्वेताम्बर जैन समाज, ओसवाल जैन समाज, महेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, सिक्ख समाज, यादव समाज, महार समाज, साहू समाज, भाजपा एवं कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।



### पिनकापार में मंड़ई 23 को

**जेवरतला रोड।** ग्राम पिनकापार में मंडई मेला का आयोजन 23 जनवरी को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु बटरेल का रंगझाझर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच तारन रजक एवं जागृत देवांगन ने दी।

### शाकंभरी जयंती महोत्सव 22 को



**डोंगरगढ़।** एलबी नगर में राज्य स्तरीय मां शाकम्भरी जयंती महोत्सव आगामी 22 जनवरी को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत हजारों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर शोभायात्रा निकालेंगी। मां शाकंभरी देवी की पूजा आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता सुनील पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि नवाज खान, नैनसिंह पटेल, भावेश सिंह पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत, देवेन्द्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत, हीरा सोनी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी होंगे। आयोजको ने सामाजिकजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### साधारण सभा की बैठक में कई निर्णय

**खुज्जी।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की साधारण सभा का बैठक जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद सभापति विवेक मंडावी, बीएमओ डॉ रागिनी चन्द्रे, खंड प्रबंधक राकेश कुर्रे, जनपद सदस्य रवि साहू, गैंदाबाई साहू, सरपंच अजय पंसारी, मुकेश देवांगन, धारिणी साहू, गंगोत्री जामडे, खेमलाल साहू, किरण यादव, मिथलेश साहू, राधेश्याम कमरिया, कमला राजपूत आदि शामिल हुए। बैठक में पिछले वित्तीय वर्ष की आय व्यय का अनुमोदन किया गया। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कार्ययोजना बनाकर अस्पताल विकास पर चर्चा की गई। इस मौके पर स्टाफ क्वार्टर, बाउंड्रीवाल एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण पर चर्चा की गई।




### छात्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**डोंगरगढ़।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोहारा की डॉ वंदना डकाह ने टीम के साथ अंबेडकर आदिवासी आवासीय शाला बछेड़ाभाटा पहुंचकर छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्होंने इस दौरान छात्रों से दैनिक दिनचर्या के बारे में बात किया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवाइयां वितरण किया गया। आभा यादव ने छात्रों को योग सिखाया। शाला संचालक एसजी मेश्राम, ओम प्रकाश डकाह आदि इस दौरान मौजूद थे।





### कंबल आदि का वितरण

**डोंगरगढ़।** सूरज फाउंडेशन द्वारा असहाय, जरूरतमंद एवं दिव्यांगजनों को कंबल, कपड़े एवं साड़ी का निःशुल्क वितरण किया गया। फाउंडेशन ने आसपास किसी पात्र व्यक्ति के दिखाई देने पर सूचना देने का आग्रह किया है ताकि उसकी सहायता की जा सके।

### भक्त गुहा निषाद जयंती समारोह संपन्न



**डोंगरगढ़।** रामभक्त निषादराज गुहा की जयंती सामाजिकजनों द्वारा मनाया गया। अनेक स्थानों पर सामाजिकजनों ने भजन के साथ शोभायात्रा निकाला। इस दौरान अन्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## अंतिम पड़ाव पर पहुंची धान की सरकारी खरीदी

# सत्यापन में खुली पोल टोकन से कम मिला धान

### प्रशासनिक कार्रवाई से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अपने अंतिम पड़ाव पर है। किसानों का धान खरीदने की अंतिम तिथि के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई। किसान अगले नौ दिन में धान बेच पाएंगे। अंतिम दौर में व्यापारियों एवं बिचौलियों का धान आने की शिकायत के बाद विभाग सतर्क हो गए है। जिन किसानों ने आगामी दिवस के लिऐ टोकन ले रखा है उनके घर अधिकारी भौतिक सत्यापन करने पहुंच रहे हैं।

धान उपार्जन केन्द्र कुकुरमुड़ा अतरिया में लगभग दो दर्जन से अधिक किसानों का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें से चार किसान ऐसे मिले जिन्होंने धान बेचने टोकन ले रखा था पर उनके पास धान नहीं था। वही आधा दर्जन से अधिक ऐसे किसान मिले जिनके पास टोकन के हिसाब से धान उपलब्ध नहीं है।

भौतिक सत्यापन कर उपलब्ध धान की मात्रा दर्ज किया गया है।इन किसानों को उल्लेखित मात्रा में धान बेचने की अनुमति दिया गया है।



**टोकन निरस्त**

भौतिक सत्यापन के तहत वह किसान जो धान बेचने टोकन ले रखा था पर उनके पास धान नहीं मिला का टोकन निरस्त कर दिया गया है। वही कम मात्रा के किसानों के टोकन में भौतिक सत्यापन के तहत सुधार किया गया, जिसके आधार पर किसान धान बेच सकेंगे।

**कार्रवाई की सख्त हिदायत**

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अगले नौ दिन तक चलेगी।विभाग ने किसानों को अपील किया है कि जो किसान धान बेचने टोकन नहीं ले पाए हैं वह केन्द्र आकर टोकन कटा ले।विभाग की सख्त हिदायत है कि किसान केवल अपना धान ही बेचें। अगर कोई किसान किसी व्यापारी या बेचौलिए का धान बेचते पाया गया तो सख्त कार्रवाई हो सकती है।

# सोसायटियों में पहुंच रहा बाहर का धान

■ सत्यापन प्रक्रिया से परेशान हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धान खरीदी के आखिरी पखवाडे में धान बेचने से वंचित किसान प्रशासनिक उलझन में फंसे नजर आ रहे है। वहीं लगातार कार्रवाई से धान कोचियों पर कुछ हद तक दबाव बना है।

धान के अवैध परिवहन में लगी कई गाड़ियों को पकड़ा भी गया है। तमाम कवायद के बाद भी दूसरे राज्य के धान को खपाने की जानकारी मिल रही है। इधर सोसायटियों मे धान के सत्यापन और टोकन काटने की आड़ में किसानों से मोटी रकम वसूलने का मामला सामने आ रहा है। इस खेल में आरआई पटवारी और प्रबंधक की सांठगांठ है। आगामी 31 जनवरी तक धान खरीदी होने की मियाद होने पर भी किसानों को सत्यापन का हवाला देकर टोकन देने में टाल मटोल किया जा रहा है। क्षेत्र की कई सोसायटियों में दुसरे राज्य की धान खपाने की जानकारी मिल रही है। राजस्व सहित अन्य विभागम का अमल देर रात तक अवैध धान पकड कर कार्यवाही कर रहे है वही प्रातः 4 से 6 बजे के बीच बडी तदाद में दुसरे राज्य का धान सोसायटियों में पहुंच रहा है।

## खाद्य उन्नयन पर कार्यशाला



**सड़क अतरिया।** साल्हेवारा में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने किया था। कार्यशाला में स्व-सहायता समूहों की 47 सदस्य शामिल हुई। कार्यक्रम में अर्जुन साहू, सहायक प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए योजना की विस्तृत जानकारी दी।दिया। उन्होने आवेदन प्रक्रिया, अनुदान एवं योजना से प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में बताया। इसी प्रकार नरेश कोमरे ने कार्यशाला का लाभ लेने एवं योजनाओं से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने प्रेरित किया। डीआरपी सूर्यांश ताम्रकार एवं पीयूष पटेल ने पीएमएफएमई योजना में उनकी भूमिका तथा आवेदन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान 7 हितग्राहियों ने स्वरोजगार स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। अंत में अर्जुन साहू ने आभार व्यक्त किया।

## स्पर्धा के लिए 50 सदस्यीय समिति का गठन

■ आयोजन की व्यापक तैयारी में जुटी समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

सांसद ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 50 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा के मार्गदर्शन में कार्य करेगी। कप्तान के रूप में टुमेन्द्र लाटिया, उप कप्तान ईश्वर साहु, सचिव हेमंत खरे, सह सचिव देवनाथ निषाद, पुनीत कोसमा एवं अनिल देहारे को जिम्मेदारी दी गई है। मंच व्यवस्था खिलेश्वर देहारे, शीतल साहु, डेगेश्वर साहु, मिलाप कुमार, ढालेंद्र कोसमा, मैदान व्यवस्था नीलकंठ देहारे, मिथलेश साहु, सोमेन्द्र पिस्दा, दुलेश्वर चनाप, नवीन उईके, पुर्वेश पिस्दा, पानी व्यवस्था भुवनेश्वर भुआर्य, वजन, डोमेन्द्र, खुशवंत मंडावी देखेंगे। अतिथि सम्मान की जिम्मेदारी ओमदेव लाटिया, ईश्वर लाटिया, युगल किशोर, संजय कुमार, टाल सिंह कोसमा, संपर्क विभाग आकाश जगदल्ले, दीपक साहु, डोमेश्वर साहु, हनुमान साहु, स्वास्थ्य व्यवस्था उत्तम भुआर्य, गुलाब देहारे, ढालेंद्र, सोशल मीडिया पूरन पिस्दा, पुरस्कार व्यवस्था रामलाल पटेल, टालेश्वर पटेल, बाल व्यवस्था अनुराग साहु, विवेक साहु, पुष्पराज, वसु सुधाकर, कृष्णा पटेल संभालेंगे। नवीन दीक्षित, जयचंद मालेकर, दीपक ठाकुर, पंकज कुमार साहू, भूपेंद्र देवांगन, भुआल उईके, थामेश साहू, सोनू साहू एवं खिलेश्वर को अंपायर नियुक्त किया गया है।

# सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत

### अज्ञात लाल रंग की मोटर साइकिल ने मारी जोरदार ठोकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई थाना क्षेत्र के अंतर्गत धोधा चौक के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आने से 53 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह की है, जब महिला अपने खेत की ओर जा रही थी। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मरदकठेरा निवासी श्रीमती ललिता साहू (53 वर्ष), पति रेघऊ साहू, शुक्रवार को सुबह करीब 7.40 बजे अपने घर से खेत में बोई गई चना और गेहूं की फसल की निदाई व रखवाली के लिए निकली थी। वह अपने साथ खाने का डिब्बा लेकर पैदल ही मरदकठेरा खार की ओर जा रही थी। सुबह करीब 8 बजे जैसे ही वह धोधा चौक से आगे कालेगोंदी रोड पर पहुंची, सामने से आ रही एक लाल रंग की अज्ञात मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई। साथ ही चेहरे, दाहिने हाथ और घुटने में चोट लगने के कारण अत्यधिक रक्तस्राव होने से ललिता साहू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मृतिका के पति रेघऊ साहू ने थाने में दी, जिसके बाद गंडई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में डॉ. अभिनव दुबे द्वारा परीक्षण के बाद मृतिका का पोस्टमार्टम कराया गया। गंडई पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध धारा 281 और 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## शिविर में 425 मरीजों का निःशुल्क इलाज



**डोंगरगांव।** शीतल होम्यो फार्मेसी एवं क्लिनिक की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. योगिता साहू एवं उनकी समर्पित टीम ने किया। शिविर में लगभग 425 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। शिविर में डॉ ओजस्विनी मिश्रा, डॉ हिमांशा निर्मलकर, डॉ खिलेश, डॉ. तुलसी साहू सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान शीतल साहू, रामप्रकाश साहू, चंद्रकांत साहू, अभिषेक साहू, राजाराम कुशवाहा, लक्ष्मी, मिहिर देवांगन, तोयेश साहू, चुन्नी साहू, पूजा साहू ने भी आयोजन में सहयोग दिया। शिविर में चर्मरोग, बवासीर, भगंदर, माइग्रेन, वात आदि रोगों का इलाज किया गया। नागरिकों ने इस शिविर में प्रदान की गई सुलभ, सुरक्षित और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की।

## डंगोरा जलाशय में स्वच्छता अभियान



**डोंगरगढ़।** इकोवीरा इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को डंगोरा डैम में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में डोंगरगढ़ फिजिकल एकेडमी, रिफ्रेश हब डोंगरगढ़ तथा इकोवीरा इंडिया टीम के 42 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। डंगोरा डैम पहुंचकर स्वयंसेवकों ने पांच-पांच के समूहों में विभाजित होकर डैम के विभिन्न हिस्सों की सफाई की। स्वयंसेवकों ने कुल 44 बोरी प्लास्टिक एवं अन्य कचरा एकत्रित किया। स्वच्छता अभियान देखकर डैम में आए पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों ने स्वयंसेवकों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने ऐसे अभियानों में सहयोग करने की इच्छा जताई। स्वच्छता अभियान में रितु, मनीषा, एकता, चमेली, नंदनी, रुकमणी, पायल, तनीषा, भाविका, कल्पना, हेमा, यूंती, दिनेश्वरी, गंगा, रागिनी, राधिका, काजल, भुनेश्वरी, कीर्ति, सीमा, मेघा, खिलावन, रुमेश, वीरेन्द, राहुल, हिमांशु, पोमित, लोकनाथ, इंद्रकुमार, तामेश्वर, टाकेश, आदित्य, चंदू, किशोर, संतु, अभिनव, पुरुषोत्तम, छवि, लकी एवं देव शामिल हुए।

### श्रद्धा के साथ मनाई गई गुहा जयंती, भवन के लिए 5 लाख की घोषणा

# नव जीवन में प्रवेश, लोगों ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निषाद समाज परिक्षेत्र बगदई के तत्वावधान में भगवान राम के भक्त गुहाराज निषाद की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर मीनाक्षी का अजय निषाद के साथ आदर्श विवाह संपन्न हुआ। विधायक सहित अन्य अतिथियों ने नवयुगल को सुखद जीवन की शुभकामना दी।

उक्त मौके पर मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि समाज, संस्था व्यक्ति के रूप में सामाजिक दृष्टिकोण से व्यवस्था को सुदृढ़ करने सभी ने एक ढांचा बनाया है। इस ढांचा के मुखिया को पद मिला है। उन्होंने सामाजिकजनों से सामाजिक रीति रिवाज को बचाने और समाज को सुसंगठित करने कहा। विधायक ने स्व मेहत्तर निषाद की स्मृति में नया भवन के लिए 5 लाख देने की घोषणा की।



**राहत दिलाने का प्रयास**

अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हीरा भाई निषाद ने कहा कि निषाद समाज के सहयोग से पूर्व में 51 जोड़े का विवाह कराया गया था। सभी की सोच थी कि इस तरह के आयोजन से परिवार पर आर्थिक भार नहीं आता और गरीब कर्ज के बोझ से बच जाते है।उन्होंने आने वाले समय में प्रदेश व जिला स्तरीय में आदर्श विवाह समारोह आयोजित करने पर जोर दिया। सभा को व जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद ने भी संबोधित किया।

**जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु, अंजू त्रिपाठी, अंजुम अल्वी, रोहित गुप्ता, पद्मनी ठाकुर, मनबोधी पटेल, पुरुषोत्तम साहू, रमजान बड़गुजर, दीपक शर्मा, रोहित सोनकर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान लोकेश निषाद, टीकम निषाद, सुशीला निषाद, पद्मनी निषाद, दुर्गा निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी, कुलेश्वर निषाद, सोनम निषाद उपस्थित थे। संचालन टीकम निषाद एवं आभार व्यक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष कृपाराम निषाद ने किया। कार्यक्रम में पुरषोत्तम निषाद, संतराम निषाद, टेकूराम निषाद, रोहित निषाद, दुर्गाराम निषाद, दशरथ निषाद, कमल निषाद, गौकरण निषाद, हेमंत निषाद, पुण्य प्रताप निषाद, गुलेश्वरी निषाद, खिलेश्वरी निषाद, पुर्णिमा निषाद, ज्ञानेश्वर निषाद, प्रदीप निषाद, संतराम निषाद, गैंदु निषाद, सुखचंद निषाद, बसंत निषाद, संतोषी निषाद, कैलाश निषाद, पुनीत निषाद आदि मौजूद थे।

## विशेष साहू को मिली पीएचडी की उपाधि



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के आचार्य विशेष साहू निवासी कन्हारगांव ने रावतपुरा विश्वविद्यालय से मकड़ी का जैव विविधता विषय पर पीएचडी हासिल किया है । उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, आचार्य सुरेश वैष्णव, थेलेश साहू, वीरसिंह यादव, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, प्रदीप सिन्हा, डीकेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन, योगिता नागोते, एनिशा नागमोते, ममता सोनवानी, लता सोनकर, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि ने बधाई दी है।

## अहंकार से होता है जीवन का विनाश

**रामाटोला।** ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस कथा स्थल भक्तिरस एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। द्वितीय दिवस भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने दक्ष यज्ञ प्रसंग एवं ध्रुव चरित्र की प्रेरणादायी कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। महाराजश्री ने दक्ष यज्ञ प्रसंग के माध्यम से अहंकार एवं अभिमान के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान शिव के अपमान के कारण किस प्रकार यज्ञ का विनाश हुआ तथा माता सती ने योगाग्नि में देह त्याग किया। उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य को विनाश की ओर ले जाता है, जबकि भक्ति, विनम्रता और श्रद्धा जीवन का कल्याण करती है। उन्होंने ध्रुव चरित्र वर्णन करते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने अल्प आयु में तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और अटल ध्रुवलोक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ध्रुव का जीवन यह सिखाता है कि अटूट विश्वास, निरंतर साधना और दृढ़ संकल्प से असंभव भी संभव किया।




दुर्ग सम्भाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं
स्व. ताराचंद साहू जी
स्मृति सम्मान समारोह
स्थान : रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग
दिनांक : 18-01-2026
स्व. ताराचंद साहू जी
पूर्व सांसद
प्रथम प्रदेश अध्यक्ष भाजपा (छ.ग.)
दीपक ताराचंद साहू
पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प वि.बो.
नंदलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- दुर्ग
चन्द्रभूषण साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- भिलाईनगर
नारद साहू अधिवक्ता
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- बेमेतरा
महेन्द्र साहू
अध्यक्ष
जिला साहू समाज, बालोद
भागवत साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-राजनंदगाव
टीलेश्वर साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-खैरागढ़ छुईखदान-गंडई
धरमलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-कबीरधाम
मदनलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-मानपुर मोहला चौकी
आनंद साहू
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
गिरवर बंटी साहू
सभापति
भिलाई नगर
पालिक निगम
देवकुमार साहू
दुर्ग संभाग संयोजक
युवा प्रकोष्ठ,छ.ग.प्र. साहू संघ
प्रदेश सह. सोशल मीडिया प्रभारी
पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा (छ.ग.)
भोला साहू
सर्व छ.ग. समाज संगठन
अध्यक्ष, वैशाली नगर
मुरली साहू
पूर्व प्रदेश संगठन सचिव
छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ
इंजी. प्रेम किशन साहू
पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री
युवा प्रकोष्ठ, प्रदेश साहू संघ
निलेश साहू
प्रदेश संगठन सचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
मुकेश साहू
पूर्व दुर्ग जिला
संयोजक, युवा प्रकोष्ठ
डॉ. शैलेन्द्र साहू
राष्ट्रीय अध्यक्ष
माँ कर्मा भोग
प्रसाद वितरण समिति
डॉ. पंकज राठौर
संभाग संयोजक
चिकित्सा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
हरिशंकर साहू
संगठन सचिव
साहू मित्र सभा
भिलाई नगर
सूरज साहू
रेड ड्राप फ्रेंड्स
क्लब संयोजक
सामदेव साहू
दुर्ग संभाग महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
अजीत साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
गजेन्द्र साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
कबीर साहू
डायरेक्टर
सिगमा ग्रुप ऑफ कंपनी
उपाध्यक्ष-दुर्ग संभाग,
युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ (छ.ग.)

## सार समाचार

### जयंती पर हिंदू जागरण मंच ने किया माल्यार्पण

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। मंच के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया।



उपस्थित वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते कहा कि उनका जीवन और दर्शन आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा, आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको" का संदेश आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। हिंदू जागरण मंच के जिला पदाधिकारियों ने बताया कि उनका संपूर्ण जीवन भारत की सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ किया गया।

### स्वदेशी मेला के लिए भूमिपूजन आयोजित

**राजनांदगांव।** स्टेट हाईस्कूल मैदान में 22 से 28 जनवरी तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय स्वदेशी मेले की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में विधिवत भूमिपूजन का कार्य संपन्न हुआ। हवन एवं वैदिक पूजा-अर्चना के साथ पंडित द्वारा भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम में मेले की सफलता,



नगर की समृद्धि तथा स्वदेशी विचारधारा के प्रचार-प्रसार की कामना की गई। आयोजन समिति के प्रबंधक सुब्रोत चाकी ने जानकारी दी कि स्वदेशी मेले में देशी उत्पादों, हस्तशिल्प, कुटीर उद्योग, स्वदेशी वस्त्र, आयुर्वेदिक एवं जैविक उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोककलाओं की प्रस्तुति एवं मनोरंजन के विविध आयोजन भी किए जाएंगे। जिससे आमजन को स्वदेशी संस्कृति से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

### पदाधिकारियों ने विस अध्यक्ष से की सौजन्य भेंट

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने बीते दिनों छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों एवं आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। पदाधिकारियों ने किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने हेतु



संगठन स्तर पर किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीति सदैव किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की रही है। उन्होंने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते उनके मार्गदर्शन में संगठन को और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान कोमल सिंह राजपूत, मूलचंद लोधी, दादूराम सोनकर, वीरेंद्र सिंह, सहित पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीनियर महिला वेट लिफ्टरों ने चैम्पियनशिप जीती

**राजनांदगांव।** 9 से 11 जनवरी तीन दिवसीय 23वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला-पुरूष भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) प्रतियोगिता कर्मा फिटनेश



पचपेड़ी नाका धमतरी रोड़ रायपुर में संपन्न हुई। स्पर्धा के संबंध में जिला भारोत्तोलन में संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि 23वीं राज्य स्तरीय सीनियर वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजनांदगांव जय भवानी व्यायाम शाला स्टेडियम समिति में अभ्याशरत सीनियर महिला वेट लिफ्टर टीम ने एक स्वर्ण, तीन रजत व दो कांस्य पदक कुल 6 पदक जीतकर ओवर ऑल चैम्पियनशिप की ट्राफी अपने नाम की। श्री आजमानी ने बताया कि कर्मा फिटनेश पचपेड़ी नाका रायपुर में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय भारोत्तोलन स्पर्धा को नए वजन वर्ग के नियम अनुसार आयोजित किया गया। इसमें राजनांदगांव के सीनियर महिला टीम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर चैम्पियनशिप ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। इस स्पर्धा में 26 जिला एवं 3 युनिट, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, बलौदाबाजार, दुर्ग, जगदलपुर, लगभग 160 खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर ने हिस्सा लिया। इस स्पर्धा में सीनियर महिला वर्ग में मानसी यादव स्वर्ण पदक, मुस्कान यादव, भूमि सिंह, रिमझिम मैगी रजत पदक व जानवी साहू, अंशुल सोनवानी कांस्य पदक प्राप्त किया। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

### ट्रिपल इंजन की सरकार साबित हो रही खाली डिब्बा

**राजनांदगांव।** नगर निगम की बदहाल आर्थिक स्थिति अब केवल फाइलों



तक सीमित नहीं रही, बल्कि सड़कों और दफ्तरों में साफ नजर आने लगी है। टांकाघर में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को चार महीने से वेतन और पिछले दो वर्षों से ईपीएफ का भुगतान नहीं होने को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने ट्रिपल इंजन की सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जनता अब खुद देख रही है कि तथाकथित ट्रिपल इंजन की सरकार की असलियत क्या है, जो आज एक खाली डिब्बा साबित हो रही है।इन कर्मचारियों को न तो समय पर वेतन मिल रहा है और न ही उनका ईपीएफ जमा किया जा रहा है। हालात इतने खराब हैं कि मजदूर अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ हो गए हैं।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस की पदयात्रा

# पदयात्रा कर कांग्रेस ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत शनिवार को राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम भर्रेगांव से पदयात्रा की शुरूआत की गई। इस जनआंदोलन की अगुवाई प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने की। उनके साथ प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा जिला अध्यक्षद्वय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

भर्रेगांव से शुरू हुई यह पदयात्रा मोखला, आरला, बुचीभरदा, कोटराभाटा होते हुए लगभग सात किलोमीटर का सफर तय कर सुरगी पहुंची। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पदयात्रा का स्वागत किया और बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल होते चले गए। पूरे रास्ते कांग्रेस के झंडे लहराते रहे और भाजपा सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे गूंजते रहे। पदयात्रा के अंतिम पड़ाव सुरगी में आयोजित विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में ग्रामीण, श्रमिक और मनरेगा हितग्राही शामिल हुए।



### मनरेगा को बंद करने की साजिशः बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां सीधे तौर पर मजदूर विरोधी है और मनरेगा को कमजोर करना इसी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार तभी राशि जारी करेगी, जब राज्य पहले 50 प्रतिशत मैचिंग ग्रांट जमा करें। जबकि देश के अधिकांश राज्यों की वित्तीय स्थिति किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में साफ है कि यह व्यवस्था जानबूझकर मनरेगा को असफल बनाने के लिए लाई गई है। जैसे-जैसे राज्यों पर बजट का दबाव बढ़ेगा, वैसे-वैसे मनरेगा को बंद करने की मजबूरी पैदा की जाएगी। बैज ने भाजपा सरकार के धान घोटाले पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश का धान मुसवा खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 14 मुसवा हैं, जो धान खा रहे हैं।

### गरीबों पर अत्याचार कर रही सरकारः जीतू मुदलियार

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि मनरेगा को कमजोर करना गरीबों की थाली से निवाला छीनने जैसा है। यह पदयात्रा मजदूरों के सम्मान और अधिकार की लड़ाई है। भाजपा के तुष्टिकरण ने ग्रामीणों से उनका निवाला छीनने का काम किया गया है। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि मनरेगा से रोजगार, पानी संरक्षण और विकास के काम हुए हैं। भाजपा सरकार की नीतियां गरीब को तबाह करने वाली है।

### मजदूरों का टूट रहा भरोसा

विधायक दलेश्वर साहू व विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि मनरेगा ने गांवों में बेरोजगारी रोकने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम किया है, लेकिन भाजपा सरकार के नए नियमों से मजदूरों का भरोसा टूट रहा है। विधायक हर्षिता स्वामी ने कहा कि कांग्रेस मजदूरों के हक की इस लड़ाई को हर पंचायत तक ले जाएगी।

## चाकू लेकर घूमता मोपेड़ सवार पकड़ाया

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर मोपेड में घूमते व राहगीरों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 जनवरी को पुलिस को मोबाइल से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोहारा बायपास ओवरब्रिज के पास मोपेड में सवार होकर हाथ में धारदार चाकू लहराते आम जनता एवं राहगीरों को भयभीत कर रहा है।

सूचना पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीम मौके पर रवाना हुई तथा घेराबंदी कर आरोपी सुमीत भारती 24 वर्ष उडीया मोहल्ला प्रभात नगर निवासी को आम स्थान पर चाकू लहराते हुए पकड़ा गया।

आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार चाकू, घटना में प्रयुक्त मोपेड़ एवं एक नग मोबाइल फोन जब्त किया गया।

आरोपी के विरुद्ध थाना बसंतपुर में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# मड़ई में चला चाकू, गंभीर स्थिति में एम्स में युवक भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- पीठ के भीतर घुसे चाकू को ग्रामीणों ने निकाला

अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम अरजकुंड में आयोजित मंड़ई के दौरान गुरुवार शाम एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात युवकों के एक समूह ने मेले से लौट रहे एक युवक पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में दहशत और सन्नाटा पसरा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार शाम करीब सात बजे हिद्दड़ निवासी गोवर्धन कोर्राम मड़ई से घूमकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात युवकों की एक टोली वहां पहुंची। पीड़ित के अनुसार हमलावरों के साथ एक छोटा बच्चा भी था। जिसकी उम्र करीब नौ वर्ष बताई जा रही है। हमलावरों ने बच्चे से इशारा कर पूछताछ की कि "क्या यही लड़का है?", जिस पर बच्चे ने हामी भरी। इसके बाद युवकों ने गोवर्धन कोर्राम के साथ मारपीट शुरू कर दी।

मारपीट के दौरान आरोपियों ने चाकू से गोवर्धन की पीठ पर हमला किया। जिससे उन्हें



तीन स्थानों पर गंभीर चोंटे आई। जान बचाने के लिए गोवर्धन किसी तरह पास के एक घर में घुस गया, जिसे वह मौजूद लोगों ने बचाया। स्थानीय लोगों के अनुसार हमला धारदार हथियार चाकू से किया गया था। इसके बाद तत्काल 112 में फोन कर मदद मांगी गई।

घायल गोवर्धन को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां उपचार के बाद शुक्रवार सुबह घायल को एम्स रायपुर रेफर किया गया है। परिजनों के मुताबिक चाकू पीठ को चीरते हुए फेफड़े तक जा पहुंचा है। जिससे हालत नाजुक बनी हुई है और ऑपरेशन की संभावना जताई जा रही है। बहरहाल अभी खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही अंबागढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा की दृष्टि से मंड़ई में लगी दुकानों को रात में ही बंद करा दिया गया था।

### रिपोर्ट दर्ज कराने आज पहुंचे परिजन

गोवर्धन की तबीयत में स्थिरता के बाद 17 जनवरी को अंबागढ़ चौकी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराने परिजन पहुंचे हुए हैं। इस घटना के बाद अरजकुंड गांव में भय का माहौल है और लोग स्तब्ध हैं कि ग्रामीण अंचल में भी चाकूबाजी प्रारंभ हो गया है।

### पीठ पर फंस गया था चाकू

आरोपियों के चाकू के वार से पीड़ित युवक के पीठ में चाकू धंस गया था, जिसे लहूलुहान स्थिति में ग्रामीणों ने बचाने की कवायद पर पीठ से चाकू निकाला।

### लिया जा रहा हिरासत में

चाकूबाजी के मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया जा रहा है।

**- अश्वनी राठौर,** थाना प्रभारी, अंबागढ़ चौकी

# विनोद डड्ढा बने संयोजक





**राजनांदगांव।** स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय विपणन संघ द्वारा आयोजित होने वाला बहुप्रतीक्षित स्वदेशी मेला इस वर्ष 22 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। शहर के ऐतिहासिक स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित होने वाले इस सात दिवसीय मेले की तैयारियां जोरों पर है।मेले के व्यवस्थित संचालन और भव्य आयोजन के लिए संगठन द्वारा महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई है। जिसमें अनुभवी नेतृत्व पर भरोसा जताया गया है। आयोजन समिति ने मेले की कमान विनोद डड्ढा को सौंपी है, जिन्हें आयोजन का संयोजक नियुक्त किया गया है। उनके साथ एक सशक्त टीम सह-संयोजकों के रूप में कार्य करेगी। जिसमें किशुन यदु, गौतम बाफना, कमलेश बैद, सुधा पवार शामिल हैं।

### स्वागत समिति का गठन

मेले में आने वाले अतिथियों और दर्शकों के सत्कार के लिए स्वागत समिति की जिम्मेदारी योगेश बागड़ी को दी गई है। उन्हें समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। उनके साथ सहयोग के लिए मनोज निर्वाणी, विजय मानिकपुरी, चंद्रशेखर शर्मा, सुब्रतो चाकी नियुक्ति की गई है।

### 22 को होगा उदघाटन

स्वदेशी मेला आगामी 22 से 28 जनवरी तक स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य आकर्षण स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न जागरूकता गतिविधियां रहेगी।


आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 4 पद (वेतन 10,000/-)
(डीसीए, पीजीडीए वाले युवक-युवतियों को प्राथमिकता)
2. मेकेनिक - 4 पद (अनुभवी को प्राथमिकता)
3. ड्राईवर एवं सहायक - 2-2 पद
सिर्फ अनुभवी युवा दस्तावेज के साथ संपर्क करें.
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव


## सुषमा बनीं माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** स्थानीय माहेश्वरी भवन में सत्र 2026-29 के लिए माहेश्वरी महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सुषमा राठी अध्यक्ष, पिंकी धूत सचिव एवं मंजू बागड़ी को कोषाध्यक्ष हेतु चयन किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में संरक्षक सरस्वती लोहिया, प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी, जिला अध्यक्ष विनीता डागा, जिला सचिव प्रीति चितलांगिया ने निर्विरोध चुनाव संपन्न कराया। कार्यक्रम का संचालन अलका सुरजन ने किया। वर्तमान अध्यक्ष दीपा बागड़ी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी टीम का स्वागत किया एवं कार्यभार सौंपा। साथ ही 21 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति राठी का स्वागत एवं मकर संक्रांति उत्सव धूमधाम से मनाने का प्रारूप रखा। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमिता मूंदड़ा की उपस्थिति रही। यह जानकारी सचिव अनीता चितलांगिया द्वारा दी गई।

## आज एक दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता



**राजनांदगांव।** युवा दिवस के अवसर पर तीरंदाजों के प्रोत्साहन एवं खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से संस्कारधानी तीरंदाजी संघ, जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा एक दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कल 18 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 9 बजे होगा तथा समापन शाम 4 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के युवा तीरंदाज भाग लेंगे। संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रूचि बढ़ाना, तीरंदाजी खेल को प्रोत्साहित करना तथा नवोदित खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### मंड़ई मेला महोत्सव एवं लोकार्पण आज

**सड़क अतरिया।** वनांचल स्थित ग्राम ठाकुरटोला में कल रविवार को मंड़ई मेला महोत्सव एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा शामिल होंगे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे। रात्रि में मनोरंजन के लिए लोक कला मंच चिन्हारी का आयोजन रखा गया है।

### आज मानस मंडल की बैठक

**राजनांदगांव।** जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल की पदाधिकारी एवं समस्त उस्ताद व मंत्रीगण की बैठक कल 18 जनवरी को स्थानीय शिव मंदिर सारथीपारा में दोपहर 2 बजे रखी गई है। उक्त बैठक में आगामी गणतंत्र दिवस मनाने संबंधी चर्चा रखी गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मनसुख सोनकर करेंगे। संघ के संगठन सचिव मोहनलाल सेन ने संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। उक्त जानकारी संघ के सचिव अशोक सारथी ने दी।






# आत्महत्या, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शिक्षक नगर निवासी 21 वर्षीय युवक अमित भौमिक ने प्रेम-प्रसंग के मामले में प्रताड़ना से तंग आकर बीते 27 दिसंबर को आत्महत्या कर ली थी। वहीं आत्महत्या से पहले उसने व्हाट्सएप पर अपनी बहन मुनमुन पोरिया को एक सुसाइड नोट भेजकर अपने आत्महत्या करने का कारण बताया था और आरोपियों को सजा दिलाने कहा था।

अमित भौमिक की आत्महत्या मामले को लेकर आज उनके परिजनों द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा गया कि शिकायत और सबूत देने के बाद भी पुलिस आरोपिया और एक अन्य युवक को बचा रही। मृतक की बहन मुनमुन पोरिया ने कहा कि जिसके प्रेम-प्रसंग में उनके भाई ने आत्महत्या की, उस युवती और उसके दूसरे बॉयफ्रेंड शहर के लखोली निवासी आमीन कुरैशी द्वारा उनके भाई को



### नहीं लिखा जा रहा था एफआईआर

मृतक के परिजनों ने कहा कि चिखली पुलिस चौकी में मोबाइल का ऑडियो रिकॉर्डिंग सहित सभी सबूत दिया जा चुका है, फिर भी पुलिस दोनों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पहले मामले में एफआईआर लिखने के लिए टालमटोल किया। जिसके बाद हिंदू संगठनों के दबाव पर एफआईआर लिखा गया, लेकिन लगभग 21 दिन बीत गए हैं और अब तक पुलिस ने इस पर कार्रवाई नहीं किया है।

काफी मानसिक रूप से परेशान किया गया। आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने बताया कि उनके भाई से लगभग 75 हजार रुपए भरकापारा निवासी युवती ने अपने अकाउंट में थोड़ा-थोड़ा कर जमा करवाया था, जो अभी भिलाई में रहती है। जिसकी रिसिप्ट भी है। वहीं उसे एक आईफोन भी दिलाया था। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आमीन कुरैशी द्वारा उनके भाई को फोन करके काफी प्रताड़ित किया गया। जान से मारने की धमकी भी दी गई। जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली।

### राजनीतिक संरक्षण का आरोप

मृतक की बड़ी बहन मुनमुन का आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है, क्योंकि आमीन कुरैशी भाजपा नेता अकरम कुरैशी का पुत्र है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एसपी, आईजी से भी शिकायत करते आरोपियों पर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई गई है, लेकिन अब तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। उन्होंने इस मामले में न्याय की मांग की है।




## शंकरपुर क्षेत्र में आज शाम जलापूर्ति नहीं

**राजनांदगांव।** टंकी सफाई करने की कड़ी में शंकरपुर टंकी की सफाई कार्य किया जाना है। इस कारण शंकरपुर टंकी स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पाएगा। इस वजह से शंकरपुर टंकी से 18 जनवरी को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 19 जनवरी सोमवार से सप्लाई सथावत रहेगी। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। 18 जनवरी को शंकरपुर टंकी की सफाई कारण उक्त टंकी नहीं भर पाएगी। जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी।

# तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं, कर्मियों ने बंद किया काम

**शीघ्र भुगतान की मांग, जीवन निर्वाह के लिए करना पड़ रहा कठिनाईयों का सामना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीन माह का वेतन और लगभग 2 वर्ष से ईपीएफ का भुगतान नहीं होने से नाराज नगर निगम के जल विभाग में कार्यरत कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। हालांकि शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर सुबह-शाम नल खोलने वाले वाल्वमेन अपनी सेवा दे रहे हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त अन्य सुधार काम बंद कर दिया गया है। आज जल विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारी टांकाघर परिसर में एकत्रित हुए और 3 माह से लंबित वेतन भुगतान शीघ्र देने मांग की।

नगर निगम में कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं होने का दस्तूर जारी है। जिससे कर्मचारियों को अपना जीवन निर्वाह करने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाने वाले जल विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को विगत अक्टूबर माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कई बार संबंधित ठेकेदार से वेतन भुगतान को लेकर गुहार भी लगाया, लेकिन वेतन नहीं दिया गया।

जिसके बाद अब जल विभाग के कर्मचारी आंदोलन की राह पर दिखाई दे रहे हैं। जल विभाग के कर्मियो का कहना है कि वेतन भुगतान के लिए उन्होंने कई बार निगम प्रशासन के अधिकारियो के पास भी गुहार लगाई है।

### कर्ज लेकर चला रहे घर

जल विभाग में कार्यरत दाताराम साहू, गोपाल दास मानिकपुरी सहित अन्य कर्मचारियों ने कहा कि तीन माह से उन्हें वेतन भुगतान नहीं किया गया है और यह चौथा महीना भी बीत रहा है, लेकिन भुगतान नहीं किया गया है। उनका कहना है कि वेतन नहीं मिलने की वजह से उन्हें अपने परिवार का पालन पोषण करने में समस्या हो रही है। लगभग 3 महीने से कर्ज लेकर अपने घर का खर्च चला रहे हैं।



### मरम्मत के काम थमे

कर्मचारियों ने बताया कि जब से नए ठेकेदार कार्य पर है, तब से इस तरह की समस्या हो रही है। शहर की जनता के लिए उन्होंने जल आपूर्ति को लेकर हड़ताल नहीं किया है, लेकिन शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो हड़ताल पर जाने मजबूर हो जाएंगे। जल विभाग में कार्यरत लगभग 58 कर्मचारी हैं। जिनके द्वारा काम बंद किए जाने से हैंडपंप, पाईप लाइन रिपेयरिंग सहित जल विभाग से संबंधित मरम्मत कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की भी होगी समीक्षा

# 10वीं-12वीं प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बच्चों के मन से परीक्षा का भय निकालने और उनकी तैयारी की समीक्षा करने को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। शहर के स्टेट हाईस्कूल में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की प्री-बोर्ड परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है, जो 23 जनवरी तक चलेगी।

परीक्षा का नाम आते ही विद्यार्थियों के मन में एक दबाव रहता है। वर्षभर पढ़ने के बाद भी परीक्षा नजदीक आते ही परीक्षा से पहले परिणाम की चिंता दिखाई देती है। बच्चों की इसी भय को दूर करने और परीक्षा को लेकर उनकी तैयारी की समीक्षा करने के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों की प्री-बोर्ड परीक्षा 16 जनवरी से शुरू हो गई है। शहर के स्टेट हाईस्कूल में बोर्ड परीक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रश्नों को हल करते अपनी परीक्षा को लेकर अपनी तैयारी परखी।



### फरवरी माह से बोर्ड परीक्षा

कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए बोर्ड परीक्षाओं की शुरूआत फरवरी माह के तीसरे सप्ताह से हो जाएगी। कक्षा 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ होकर 10 मार्च तक चलेगी। वहीं कक्षा दसवीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक आयोजित होगी। वहीं दृष्टिहीन और मूकबधिर विद्यार्थियों के लिए 13 मार्च तक अंतिम परीक्षा संपन्न होगी।

### कमी को सुधारने मिलता है मौका

स्टेट हाईस्कूल के प्राचार्य माधव सिंह ने बताया कि यह परीक्षा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्य परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के प्रैक्टिस के उद्देश्य से यह परीक्षा आयोजित की जाती है। वहीं विद्यार्थियों ने कहा कि प्री-बोर्ड परीक्षा से उनको अपनी तैयारी को समझने और कमी को सुधारने का मौका मिलता है।

### प्री-बोर्ड से दबाव होगा कम

प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित होने से जहां परीक्षा को लेकर बच्चे अपनी तैयारी की समीक्षा कर पाते है। वहीं इस परीक्षा से बोर्ड एग्जाम को लेकर दबाव भी काम होता है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष बोर्ड परीक्षाओं से पहले प्री-बोर्ड की परीक्षा स्थानीय स्तर पर ली जाती है, ताकि परीक्षा में किसी कमी को लेकर विद्यार्थी अपनी तैयारी पूरी कर सके।

## साधारण सभा की बैठक 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 21 जनवरी को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सभी सदस्यों से बैठक में आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। इसी प्रकार अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 50 सदस्यीय समिति का गठन

- आयोजन की व्यापक तैयारी में जुटी समिति

**खुज्जी।** सांसद ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 50 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा के मार्गदर्शन में कार्य करेगी। कप्तान के रूप में टुमेन्द्र लाटिया, उप कप्तान ईश्वर साहु, सचिव हेमंत खरे, सह सचिव देवनाथ निषाद, पुनीत कोसमा एवं अनिल देहारे को जिम्मेदारी दी गई है। मंच व्यवस्था खिलेश्वर देहारे, शीतल साहु, डेगेश्वर साहु, मिलाप कुमार, ढालेंद्र कोसमा, मैदान व्यवस्था नीलकंठ देहारे, मिथलेश साहु, सोमेन्द्र पिस्दा, दुलेश्वर चनाप, नवीन उईके, पुर्वेश पिस्दा, पानी व्यवस्था भुवनेश्वर भुआर्य, वजन, डोमेन्द्र, खुशवंत मंडावी देखेंगे। अतिथि सम्मान की जिम्मेदारी ओमदेव लाटिया, ईश्वर लाटिया, युगल किशोर, संजय कुमार, टाल सिंह कोसमा, संपर्क विभाग आकाश जगदल्ले, दीपक साहु, डोमेश्वर साहु, हनुमान साहु, स्वास्थ्य व्यवस्था उत्तम भुआर्य, गुलाब देहारे, ढालेंद्र, सोशल मीडिया पूरन पिस्दा, पुरस्कार व्यवस्था रामलाल पटेल, टालेश्वर पटेल, बाल व्यवस्था अनुराग साहु, विवेक साहु, पुष्पराज, वसु सुधाकर, कृष्णा पटेल संभालेंगे। नवीन दीक्षित, जयचंद मालेकर, दीपक ठाकुर, पंकज कुमार साहू, भूपेंद्र देवांगन, भुआल उईके, थामेश साहू, सोनू साहू एवं खिलेश्वर को अंपायर नियुक्त किया गया है।

## सोसायटियों में पहुंच रहा बाहर का धान

- सत्यापन प्रक्रिया से परेशान हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धान खरीदी के आखिरी पखवाडे में धान बेचने से वंचित किसान प्रशासनिक उलझन में फंसे नजर आ रहे है। वहीं लगातार कार्रवाई से धान कोचियों पर कुछ हद तक दबाव बना है।

धान के अवैध परिवहन में लगी कई गाड़ियों को पकड़ा भी गया है। तमाम कवायद के बाद भी दूसरे राज्य के धान को खपाने की जानकारी मिल रही है। इधर सोसायटियों मे धान के सत्यापन और टोकन काटने की आड़ में किसानों से मोटी रकम वसूलने का मामला सामने आ रहा है। इस खेल में आरआई पटवारी और प्रबंधक की सांठगांठ है। आगामी 31 जनवरी तक धान खरीदी होने की मियाद होने पर भी किसानों को सत्यापन का हवाला देकर टोकन देने में टाल मटोल किया जा रहा है। क्षेत्र की कई सोसायटियों में दुसरे राज्य की धान खपाने की जानकारी मिल रही है। राजस्व सहित अन्य विभागम का अमल देर रात तक अवैध धान पकड कर कार्यवाही कर रहे है वही प्रातः 4 से 6 बजे के बीच बडी तदाद में दुसरे राज्य का धान सोसायटियों में पहुंच रहा है।

## शिविर में 425 मरीजों का निःशुल्क इलाज

**डोंगरगांव।** शीतल होम्यो फार्मेसी एवं क्लिनिक की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. योगिता साहू एवं उनकी समर्पित टीम ने किया। शिविर में लगभग 425 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। शिविर में डॉ ओजस्विनी मिश्रा, डॉ हिमांशा निर्मलकर, डॉ खिलेश, डॉ. तुलसी साहू सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान शीतल साहू, रामप्रकाश साहू, चंद्रकांत साहू, अभिषेक साहू, राजाराम कुशवाहा, लक्ष्मी, मिहिर देवांगन, तोयेश साहू, चुन्नी साहू, पूजा साहू ने भी आयोजन में सहयोग दिया। शिविर में चर्मरोग, बवासीर, भगंदर, माइग्रेन, वात आदि रोगों का इलाज किया गया। नागरिकों ने इस शिविर में प्रदान की गई सुलभ, सुरक्षित और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की।



## डंगोरा जलाशय में स्वच्छता अभियान

**डोंगरगढ़।** इकोवीरा इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को डंगोरा डैम में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में डोंगरगढ़ फिजिकल एकेडमी, रिफ्रेश हब डोंगरगढ़ तथा इकोवीरा इंडिया टीम के 42 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। डंगोरा डैम पहुंचकर स्वयंसेवकों ने पांच-पांच के समूहों में विभाजित होकर डैम के विभिन्न हिस्सों की सफाई की। स्वयंसेवकों ने कुल 44 बोरी प्लास्टिक एवं अन्य कचरा एकत्रित किया। स्वच्छता अभियान देखकर डैम में आए पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों ने स्वयंसेवकों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने ऐसे अभियानों में सहयोग करने की इच्छा जताई। स्वच्छता अभियान में रितु, मनीषा, एकता, चमेली, नंदनी, रुकमणी, पायल, तनीषा, भाविका, कल्पना, हेमा, यूंती, दिनेश्वरी, गंगा, रागिनी, राधिका, काजल, भुनेश्वरी, कीर्ति, सीमा, मेघा, खिलावन, रुमेश, वीरेन्द, राहुल, हिमांशु, पोमित, लोकनाथ, इंद्रकुमार, तामेश्वर, टाकेश, आदित्य, चंदू, किशोर, संतु, अभिनव, पुरुषोत्तम, छवि, लकी एवं देव शामिल हुए।



## खाद्य उन्नयन पर कार्यशाला

**सड़क अतरिया।** साल्हेवारा में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने किया था। कार्यशाला में स्व-सहायता समूहों की 47 सदस्य शामिल हुई। कार्यक्रम में अर्जुन साहू, सहायक प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए योजना की विस्तृत जानकारी दी।दिया। उन्होने आवेदन प्रक्रिया, अनुदान एवं योजना से प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में बताया। नरेश कोमरे ने कार्यशाला का लाभ लेने एवं योजनाओं से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने प्रेरित किया। डीआरपी सूर्यांश ताम्रकार एवं पीयूष पटेल ने पीएमएफएमई योजना में उनकी भूमिका तथा आवेदन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान 7 हितग्राहियों ने स्वरोजगार स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। अंत में अर्जुन साहू ने आभार व्यक्त किया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • शुगर • थायराइड
• बुखार • खांसी • छाती रोग
• पेट रोग • किडनी • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

**श्रद्धा के साथ मनाई गई गुहा जयंती, भवन के लिए 5 लाख की घोषणा**

# नव जीवन में प्रवेश, लोगों ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निषाद समाज परिक्षेत्र बगदई के तत्वावधान में भगवान राम के भक्त गुहाराज निषाद की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर मीनाक्षी का अजय निषाद के साथ आदर्श विवाह संपन्न हुआ। विधायक सहित अन्य अतिथियों ने नवयुगल को सुखद जीवन की शुभकामना दी।

उक्त मौके पर मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि समाज, संस्था व्यक्ति के रूप में सामाजिक दृष्टिकोण से व्यवस्था को सुदृढ़ करने सभी ने एक ढांचा बनाया है। इस ढांचा के मुखिया को पद मिला है। उन्होंने सामाजिकजनों से सामाजिक रीति रिवाज को बचाने और समाज को सुसंगठित करने कहा। विधायक ने स्व मेहत्तर निषाद की स्मृति में नया भवन के लिए 5 लाख देने की घोषणा की।



### राहत दिलाने का प्रयास

अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हीरा भाई निषाद ने कहा कि निषाद समाज के सहयोग से पूर्व में 51 जोड़े का विवाह कराया गया था। सभी की सोच थी कि इस तरह के आयोजन से परिवार पर आर्थिक भार नहीं आता और गरीब कर्ज के बोझ से बच जाते है।उन्होंने आने वाले समय में प्रदेश व जिला स्तरीय में आदर्श विवाह समारोह आयोजित करने पर जोर दिया। सभा को व जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद ने भी संबोधित किया।

### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यद्धु, अंजू त्रिपाठी, अंजुम अल्वी, रोहित गुप्ता, पद्मनी ठाकुर, मनबोधी पटेल, पुरुषोत्तम साहू, रमजान बड़गुजर, दीपक शर्मा, रोहित सोनकर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान लोकेश निषाद, टीकम निषाद, सुशीला निषाद, पद्मनी निषाद, दुर्गा निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी, कुलेश्वर निषाद, सोनम निषाद उपस्थित थे। संचालन टीकम निषाद एवं आभार व्यक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष कृपाराम निषाद ने किया। कार्यक्रम में पुरषोत्तम निषाद, संतराम निषाद, टेकूराम निषाद, रोहित निषाद, दुर्गाराम निषाद, दशरथ निषाद, कमल निषाद, गौकरण निषाद, हेमंत निषाद, पुण्य प्रताप निषाद, गुलेश्वरी निषाद, खिलेश्वरी निषाद, पुर्णिमा निषाद, ज्ञानेश्वर निषाद, प्रदीप निषाद, संतराम निषाद, गैंदु निषाद, सुखचंद निषाद, बसंत निषाद, संतोषी निषाद, कैलाश निषाद, पुनीत निषाद आदि मौजूद थे।

## विशेष साहू को मिली पीएचडी की उपाधि

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के आचार्य विशेष साहू निवासी कन्हारगांव ने रावतपुरा विश्वविद्यालय से मकड़ी का जैव विविधता विषय पर पीएचडी हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, आचार्य सुरेश वैष्णव, थेलेश साहू, वीरसिंह यादव, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, प्रदीप सिन्हा, डीकेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन, योगिता नागोते, एनिशा नागमोते, ममता सोनवानी, लता सोनकर, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि ने बधाई दी है।



एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
अंचल का सर्वश्रेष्ठ
ICU & CRITICAL CARE
डॉ. संजय गोयल
MBBS, MD
Fellowship in Pain Management
Fellowship in Critical Care
डॉ. तिलेश खुसरो
MBBS, MD
डॉ. लिजो डेनियल
MBBS, DNB, MRCP(UK)
• 24x7 विशेषज्ञ देखभाल • अनुभवी इंटेंसिविस्ट और स्टाफ दिन-रात आपकी सेवा में • आधुनिक वेंटिलेटर सुविधा • क्रिटिकल मरीजों के लिए हाई-एंड टेक्नोलॉजी • सुरक्षित वातावरण संक्रमण मुक्त और स्वच्छ ICU रूम • विशेषज्ञों की निगरानी • हर मिनट मरीज की हालत पर पैनी नजर
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691
Deepak Advts.

## अहंकार से होता है जीवन का विनाश

**रामाटोला।** ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस कथा स्थल भक्तिरस एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। द्वितीय दिवस भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने दक्ष यज्ञ प्रसंग एवं ध्रुव चरित्र की प्रेरणादायी कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

महाराजश्री ने दक्ष यज्ञ प्रसंग के माध्यम से अहंकार एवं अभिमान के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान शिव के अपमान के कारण किस प्रकार यज्ञ का विनाश हुआ तथा माता सती ने योगाग्नि में देह त्याग किया। उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य को विनाश की ओर ले जाता है, जबकि भक्ति, विनम्रता और श्रद्धा जीवन का कल्याण करती है। उन्होंने ध्रुव चरित्र वर्णन करते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने अल्प आयु में तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और अटल ध्रुवलोक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ध्रुव का जीवन यह सिखाता है कि अटूट विश्वास, निरंतर साधना और दृढ़ संकल्प से असंभव भी संभव किया।

# सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत

- अज्ञात लाल रंग की मोटर साइकिल ने मारी जोरदार ठोकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई थाना क्षेत्र के अंतर्गत धोधा चौक के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आने से 53 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह की है, जब महिला अपने खेत की ओर जा रही थी। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मरदकठेरा निवासी श्रीमती ललिता साहू (53 वर्ष), पति रेघऊ साहू, शुक्रवार को सुबह करीब 7.40 बजे अपने घर से खेत में बोई गई चना और गेहूं की फसल की निदाई व रखवाली के लिए निकली थी। वह अपने साथ खाने का डिब्बा लेकर पैदल ही मरदकठेरा खार की ओर जा रही थी। सुबह करीब 8 बजे जैसे ही वह धोधा चौक से आगे कालेगोंदी रोड पर पहुंची, सामने से आ रही एक लाल रंग की अज्ञात मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई। साथ ही चेहरे, दाहिने हाथ और घुटने में चोट लगने के कारण अत्यधिक रक्तस्राव होने से ललिता साहू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मृतिका के पति रेघऊ साहू ने थाने में दी, जिसके बाद गंडई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में डॉ. अभिनव दुबे द्वारा परीक्षण के बाद मृतिका का पोस्टमार्टम कराया गया। गंडई पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध धारा 281 और 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

मोदी गारंटी के वादों को पूरा करने की मांग, वेतन विसंगति, क्रमोन्नत, वेतनमान प्रमुख मुद्दा

# सहायक शिक्षकों की एक दिवसीय हड़ताल चार सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार 17 जनवरी को हजारों सहायक शिक्षकों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल की। जिसमें जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। हड़ताल के दौरान जिले भर से आए शिक्षकों ने शासन से मांग की कि मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को शीघ्र पूरा किया जाए, प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर एलबी संवर्ग को समस्त लाभ देना, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करना तथा वीएसके ऐप के माध्यम से निजी मोबाइल से ऑनलाइन उपस्थिति की बाध्यता खत्म करना शामिल है। शिक्षकों ने कहा कि यह ऐप उनकी निजता का हनन करता है और निजी जानकारी के दुरुपयोग का खतरा बना रहता है। इस आंदोलन में जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, जिला संयोजक राजेंद्र शर्मा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष केशलाल साहू, जिला उपाध्यक्ष नवीन ठाकुर सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं जिले के हजारों शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सात वर्षों से जारी है अधिकारों की लड़ाई, सरकार ने वादे पूरे नहीं किएः जिलाध्यक्ष



सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा ने कहा कि फेडरेशन पिछले सात वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने से पहले 100 दिनों में वेतन विसंगति दूर करने और क्रमोन्नत वेतनमान देने का वादा किया था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी यह पूरा नहीं हुआ। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे संगठन को और मजबूत बनाएं और अपने अधिकारों के लिए एकजुट रहकर संघर्ष जारी रखें। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा।

# हनुमान जी की भक्ति से भगवान श्रीराम भी हुए ऋणीः पं. आनंद उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



ग्राम बड़े-घुघरी में आयोजित तीन दिवसीय मानस प्रवचन कार्यक्रम के दूसरे दिन कथा वाचक पं आनंद उपाध्याय ने श्रीराम चरित मानस के भावपूर्ण प्रसंगों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि तुलसीदास जी ने मानस में अनेक बड़भागियों का उल्लेख किया है, लेकिन उन सभी में श्री हनुमान महाराज से बड़ा बड़भागी कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि हनुमान ने अपने अद्वितीय सेवा भाव और निष्काम भक्ति से भगवान श्रीराम को भी ऋणी कर दिया, तभी तो प्रभु राम ने स्वयं कहा भरत भाई, कपि से उरिन हम नाहीं।

श्री उपाध्याय ने बताया कि हनुमान जी ने भगवान राम की सेवा में असंभव कार्यों को भी संभव कर दिखाया। माता सीता का पता लगाना, लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा के लिए संजीवनी बूटी लाना, अहिरावण और महिरावण का वध कर प्रभु की रक्षा करना, सुग्रीव और विभीषण को भगवान राम से मिलाना ये सभी हनुमान जी की अनुपम सेवा और भक्ति के प्रमाण हैं। कथावाचक ने कहा कि हनुमान जी हमें यह संदेश देते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति से पहले विश्राम नहीं करना चाहिए, क्योंकि विराम के बहाने अनेक बाधाएं आ सकती हैं और साधक अपने लक्ष्य से भटक सकता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति माता-पिता की सेवा करता है, वही सच्चा बड़भागी होता है। माता-पिता की सेवा से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और भगवान के दर्शन भी संभव होते हैं, जैसा कि पुण्डरीक की कथा में वर्णित है।

पं आनंद उपाध्याय ने श्रोताओं से अपील की कि कथा को केवल सुनना ही नहीं, बल्कि हृदय में धारण कर जीवन में उतारना चाहिए, तभी उसका पूर्ण लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में कोई दुर्गुण जैसे शराब, जुआ, मांसाहार आदि हैं तो उन्हें त्याग देना चाहिए, क्योंकि सदाचार और संयम से ही जीवन सुखमय बनता है और कथा का वास्तविक फल प्राप्त होता है। मानस प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति व आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार बना रहा।

# भारी वाहनों से मुख्यमंत्री सड़क जर्जर, जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे

## निषेध के बाद भी भारी वाहन, कोलेगांव की सड़क बदहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से अमली-मालगी तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी मुख्यमंत्री सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यह सड़क पहले से ही जर्जर अवस्था में थी, लेकिन बीते कुछ महीनों से लगातार भारी हाइवा गाड़ियों के आवागमन ने सड़क को पूरी तरह से उखाड़ कर रख दिया है। वर्तमान स्थिति यह है कि सड़क में जगह-जगह छोटे-बड़े होने से आवागमन बेहद जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है।

इसी सड़क से स्कूली छात्र छात्राएं स्कूल, अस्पताल, बाजार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए प्रतिदिन आना-जाना करते हैं। लेकिन सड़क खराब होने के कारण दोपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा इस मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया है, इसके बावजूद खुलेआम भारी-हाइवा गाड़ियों का आवाजाही लगा रहता है जिसकें कारण सड़क की परतें पूरी तरह उखड़ और कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह बैठ गई है।

इससे न केवल सड़क को भारी नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि आम लोगों की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से हाइवा और अन्य भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा क्षतिग्रस्त मुख्यमंत्री सड़क की तत्काल मरम्मत और मजबूतीकरण कार्य शुरू कराया जाए।

# 86 छात्राओं को वितरित की गई निःशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶रणवीरपुर



शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रणवीरपुर में शुक्रवार 16 जनवरी को शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वीं की 86 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिषर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी बसंत बोहरा थें, विशिष्ट अतिथि राजू पारख, श्रवण नेताम, भोजलाल साहू, राजेश सेन एवं संस्था के अध्यक्ष चेतन शुक्ला उपस्थित थे। अतिथियों ने छात्राओं को स्वयं अपने हाथों से सायकिल प्रदान कर उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सायकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। सभी अतिथियों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य डीएस उइके ने किया तथा अंत में आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित थें। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर का गमछा पहनाकर किया गया सम्मान



**हरिभूमि कोलेगांव।** कांग्रेस कमेटी कुण्डा अध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त किए जाने पर उत्तरा दिवाकर का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह राजीव गांधी भवन कुण्डा में आयोजित हुआ, जहां कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं कांग्रेस गमछा पहनाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर ने कहा कि पार्टी हाईकमान द्वारा उन पर जो विश्वास जताया गया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे तथा कुंडा मंडल के साथ-साथ पूरे जिले में पार्टी हित में सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी द्वारा सौंपे गए दायित्वों का वे पूरी निष्ठा से पालन करेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा गोपाल चंद्राकर, पवन शर्मा, दिनेश पाण्डेय, बद्री खांडे, बलदाऊ साहू, गौतम साहू, ऋषि, होरीलाल सिंगरौल, हेमंत सिंगरौल, ओंकार साहू, प्रशांत खांडे एवं सुनील जोशी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट-मुलाकात



**हरिभूमि कवर्धा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम जिला के पदाधिकारियों ने 16 जनवरी को कलेक्टर गोपाल वर्मा से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु ने कलेक्टर को संस्था के पदाधिकारियों से परिचित कराया और संगठन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। चर्चा के दौरान अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु ने बताया कि जिले में पहली बार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था का गठन किया गया है। संस्था का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करना तथा उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र रघुवंशी कनखल, हरिद्वार के निर्देशन एवं प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक दो श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, पहला भारत माता चौक और दूसरा शहीद पार्क सिग्नल चौक, कवर्धा में हुआ। आगामी माह के प्रथम रविवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल, गणेश शंकर मिश्रा पूर्व एडिशनल सचिव, छत्तीसगढ़ शासन तथा चंद्रप्रकाश बाजपेई बिलासपुर के आगमन की संभावना है, जिसकी तैयारी की जा रही है। सौजन्य भेंट के दौरान संस्था के पदाधिकारी नरोत्तम महोबिया सचिव, इंजीनियर एसएस जैन उपाध्यक्ष, महेशराम महोबिया कोषाध्यक्ष एवं सियाराम महोबिया उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने अपनी विशिष्ट लोक-कला की दी प्रस्तुति



**हरिभूमि कोलेगांव।** गत दिनों 8 से 11 जनवरी तक भारत भवन भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय कला मेला इस वर्ष जनजातीय संस्कृति, रंगों और भावनाओं का अद्भुत संगम बन गया। देश के कोने-कोने से आए सैकड़ों जनजातीय कलाकारों की भागीदारी ने इस आयोजन को एक प्रकार से महा कला कुंभ का रूप दे दिया। मिट्टी की सौंधी खुशबू, जंगलों की सरसराहट और पूर्वजों की अनकही कहानियां सब कुछ जैसे एक ही स्थान पर सजीव हो उठा। इस भव्य आयोजन में भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने अपनी विशिष्ट लोक-कला और पारंपरिक रंगों से दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों के लिए समुचित व्यवस्था, स्वदेशी पैटर्न वाले स्टॉल, भाषा की बाधा दूर करने के लिए समर्पित वॉलेंटियर और आत्मीय आतिथ्य आयोजन की सुचारु व्यवस्था की सराहना सभी ने की। 8 जनवरी की शाम 5 बजे इस राष्ट्रीय जनजातीय कला मेले का शुभारंभ मध्य प्रदेश के जनजातीय मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह के करकमलों से हुआ। कला दीर्घाओं के बीच खड़े होकर मंत्री ने भावुक स्वर में कहा कि यहां आकर ऐसा लग रहा है मानो किसी दूसरी दुनिया में आ गया हूँ। उन्होंने सभी कलाकार भाई-बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत भवन भोपाल कलाकारों का अपना घर है। भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन की टीम ने पारंपरिक ढंग से मंत्री का स्वागत किया और उन्हें तैल चित्र भेंट किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं डायरेक्टर बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा, सहायक डायरेक्टर तान्या मरावी, महासचिव तुषार मरावी, राष्ट्रीय सचिव गोवर्धन सिंह मरकाम, सह-सचिव प्रभात विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ श्याम दिवाकर, कबीरधाम अध्यक्ष लीलाधर नेताम, बेमेतरा प्रभारी श्वेता वर्मा, मिथलेश वर्मा, राजमती विश्वकर्मा एवं दिव्या विश्वकर्मा उपस्थित थें। मंत्री ने फाउंडेशन को भविष्य में सहयोग का आश्वासन भी दिया। छत्तीसगढ़ से पहुंचे 24 कलाकारों के दल ने बस्सी कला, सुपा कला, बिरन माला, गोदना कला, ढोकरा कला, मुरिया कला सहित अन्य पारंपरिक विधाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से बस्तर कला ने अपनी अनूठी पहचान और कलात्मक गहराई से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय जनजातीय कला मेला भारत भवन के संयोजक अजय भट्टाचार्य ने कहा कि कलाकारों के सहयोग से ही यह आयोजन सफल हो पाया। चितेरे फाउंडेशन द्वारा उन्होने भी स्मृति स्वरूप पेंटिंग भेंट की गई। बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा भारत भवन के प्रति कविता पाठ ने पूरे माहौल को भावनात्मक बना दिया। भारत भवन के अधिकारियों ने फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए इसे जनजातीय कला को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाला प्रयास बताया। यह मेला केवल चित्रों और शिल्प का नहीं, बल्कि भावनाओं, संस्कृति और परंपरा का जीवंत उत्सव बन गया जहां हर रंग में खुशी झलकती रही।

# इंदौरी जोन में नवीन पाठ्य पुस्तक प्रशिक्षण का आयोजन सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित एनएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण इंदौरी जोन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में लगभग 65 प्रशिक्षार्थियों की सहभागिता रही। प्रशिक्षण में प्राथमिक विभाग के कक्षा एक से तीन तक के नवीन पाठ्यपुस्तक पर समझ विकसित करने और बच्चों को इसका सीधा लाभ पहुंचे ऐसा प्रयास किया गया, जिसमें हिंदी, गणित, इंग्लिश और पर्यावरण के चार मॉड्यूल पर बीआरजी वोकेश नाथ योगी और प्रेमिश शर्मा ने जोन से आए शिक्षिक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने का जिम्मा लिया, आप दोनो ने इस जिम्मेदारी को बखूबी पुरा किया। आपने प्रतिदिन विषय आधारित ज्ञान के साथ प्रेक्टिकल ज्ञान जैसे बाजार लगाना, खेल आधारित शिक्षण, लेखन और पठन कौशल विकास, पाठ प्रस्तुतिकरण, पाठ योजना का निर्माण, प्रश्नोंतरी आदि माध्यमों से प्रशिक्षण मे जान भरने का प्रयास किया। प्रशिक्षार्थियो ने भी इसमे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वही प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों में पठन, लेखन एवं बुनियादी गणितीय दक्षताओं को प्रभावी ढंग से विकसित करना रहा। सत्रों में बाल-केंद्रित शिक्षण, गतिविधि आधारित पद्धतियां, सीखने के आकलन के नवाचार, टीएलएम का उपयोग तथा समावेशी शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा डिकोडिंग, साझा पठन, मार्गदर्शित पठन, संख्या-बोध, एक-एक की संगतता आदि पर व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किया। वही प्रशिक्षार्थीयो द्वारा मास्टर ट्रेनर द्वय को प्रभावी शिक्षण हेतु प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। ऐसा प्रायः नहीं देखा जाता जहां प्रशिक्षण देने वालों का सम्मान हो। यह सम्मान खंड श्रोत समन्वयक केशलाल साहू के गरिमामय उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ।

# हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता में जोया खान ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय व जिले का नाम रौशन किया

- यूनिक कॉन्वेंट स्कूल ने एक बार फिर लहराया परचम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



यूनिक कॉन्वेंट हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल की कक्षा 7वीं की छात्रा जोया खान ने हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय व जिले का नाम रौशन किया। जोया खान ने 02 से 10 जनवरी तक राजस्थान के चित्तौड़ में आयोजित अंडर-14 नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छत्तीसगढ़ टीम ने राजस्थान, तमिलनाडु एवं असम की टीमों के साथ मुकाबले खेले। वहीं दुर्ग जोन से केवल दो खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिनमें यूनिक कॉन्वेंट हॉयर सेकेण्डरी स्कूल की जोया खान तथा आत्मानंद स्कूल की तनिष्का शामिल हैं। जोया खान की इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर अमजद सर, प्राचार्य पीयूष सर, खेल शिक्षक प्रभास सर सहित विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### घोटाला: जिला स्तरीय समिति की जांच में 628 क्विंटल धान गायब

# धान खरीदी में अनियमितता, कुकदूर उपार्जन केन्द्र प्रभारी पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इन दिनो जिले, प्रदेश सहित पूरे देश में सुर्खियां बटोर रहे कबीरधाम में करोड़ों के धान घोटाले के एक मामले में वैधानिक कार्यवाही करते हुए विकासखण्ड पंडरिया विकासखंड के कुकदूर धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी पर एफआईआर दर्ज किया गया है।

खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि जिला स्तरीय जांच दल द्वारा किए गए धान स्टॉक के भौतिक सत्यापन में 628 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख 292 रुपए है। जांच में कमी पाए जाने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं नोडल अधिकारियों की बैठक आहूत की गई। बैठक में धान खरीदी में रीसाइकलिंग रोकने, किसानों की सहमति से रकबा समर्पण सुनिश्चित करने तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

#### अवैध धान के 109 मामलों में 11 हजार क्विंटल धान जब्त



जिले में अब तक अवैध धान के 109 प्रकरण बनाए जा चुके हैं, जिनमें 11,607 क्विंटल धान जप्त किया गया है। इसके अतिरिक्त 46 वाहनों को जप्त कर मंडी एवं थानों की अभिरक्षा में रखा गया है। अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिले में 23 चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। राजस्व, वन, पुलिस, सहकारिता एवं मंडी विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से सतत निगरानी रख रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों की रक्षा और खरीदी प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## फर्जी एसटी प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी व सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आरोप, शिकायत दर्ज




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के अधिकारों के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम राजानवागांव, विकासखंड बोड़ला निवासी भुनेश्वर पिता पंचु केवट पर फर्जी एसटी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर जिला पंचायत कबीरधाम के आवास समन्वयक विभाग में बीते लगभग आठ वर्षों से नौकरी करने तथा स्वयं सहित पूरे परिवार द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग की विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आरोप लगा है। इस मामले को लेकर आदिवासी समाज कबीरधाम ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों के नाम सामूहिक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में समाज ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो भुनेश्वर केवट सहित इस प्रकरण में संलिप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में दस्तावेजों के आधार पर जाति संबंधी गंभीर विरोधाभासों का उल्लेख किया गया है। बताया गया है कि पंचु केवट के बड़े भाई फागुराम के नाती दिनेश कुमार पिता होरीलाल केवट को जारी अस्थायी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में पटवारी द्वारा दिनांक 11 सितंबर 2014 को प्रस्तुत प्रतिवेदन में जाति केवट दर्शाई गई है। वहीं ग्राम पंचायत राजानवागांव की तत्कालीन सरपंच सरोज बाई द्वारा जारी वंशवृक्ष प्रमाण पत्र में दिनेश कुमार के पूर्वजों की जाति निषाद केवट अंकित है। इसके अलावा, इसी सरपंच द्वारा दिनेश कुमार को जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र में जाति केवट एवं उपजाति निषाद दर्शाई गई है, जो अनुसूचित जनजाति वर्ग में नहीं आती। आदिवासी समाज का आरोप है कि इन्हीं विरोधाभासी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी तरीके से एसटी प्रमाण पत्र बनवाकर शासकीय नौकरी और योजनाओं का लाभ लिया गया। आदिवासी समाज ने स्पष्ट किया है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वास्तविक अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारों का लगातार हनन होता रहेगा। समाज ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### खबर संक्षेप

#### अब तक 4200 से अधिक आवास बनकर तैयार

**कवर्धा।** प्रशासनिक दावे के मुताबिक अब तक जिले में 4200 से अधिक बैगा परिवारों को पीएम जनमन आवास योजना के तहत अपना पक्का आवास मिल चुका है। इस संबंध में प्रभारी जिपं सीईओं विनय कुमार पोयाम ने बताया की पीएम जनमन आवास योजना के तहत जिले में 9625 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति के विरूद्ध 9206 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 7485 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त, 5107 हितग्राहियों को तृतीय किश्त एवं 2594 हितग्राहियों को चतुर्थ किश्त की राशि प्रदाय की जा चुकी है।अभी तक 4210 पक्के और सुन्दर आवास पूरे हो चुके है और इसमें बैगा समुदाय के लोग अपने परिवार के साथ खुशियों भरा जीवन व्यतित कर रहे हैं।

#### सतनामी समाज का युवक-युवती सम्मेलन आज

**कवर्धा।** पीजी कॉलेज कवर्धा के ऑडिटोरियम में 18 जनवरी को प्रदेश स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसमें प्रदेश भर के सतनामी समाज के युवक युवती हिस्सा लेंगे। मुख्य अतिथियों के रूप में भंडारपुरी धाम के धर्मगुरु बालदास साहेब और खड़वापुरी धाम की गुरु प्रियंका दीदी कार्यक्रम में शामिल होंगी। साथ ही सम्मेलन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, पामगढ़ विधायक शेषराज हरिवंश, भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कडेय, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, और जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट सहित अन्य समाजजन सम्मिलित होंगे।

## भाजपा सरकार की नाकामी का किया अंतिम संस्कार

### एनएसयुआई ने शव यात्रा निकालकर किया जन-आक्रोश का प्रदर्शन




- प्रदेश की भाजपा सरकार पर लगाए गए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ में भाजपा की निकम्मी, जनद्रोही और असंवेदनशील सरकार के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी के नेतृत्व मे जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली गई। इस शव यात्रा के माध्यम से भाजपा सरकार की विफल नीतियों, झूठे वादों और छात्र-युवा विरोधी सोच का सार्वजनिक रूप से पर्दाफाश किया गया। एनएसयुआई जिला प्रभारी आदित्य नारायण ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी अपने चरम पर है, प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार गड़बड़ियां हो रही हैं, शिक्षा व्यवस्था चौपट हो चुकी है और अपराध बेलगाम हैं, लेकिन भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर जनता की आवाज को दबाने में लगी है। एनएसयुआई जिला अध्यक्ष शीतेश चंद्रवंशी ने गृह मंत्री विजय शर्मा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि गृह मंत्री के क्षेत्र से ही कानून व्यवस्था की हालत सबसे ज्यादा खराब है। छात्रो की सुरक्षा, युवाओं का भविष्य और आम जनता की जान-माल की रक्षा करने में सरकार पूरी तरह विफल रही है, जब से भाजपा सरकार आई है तब से हमारे धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ हो रहा है लेकिन भाजपा के धर्म के ठेकेदार आज घर मे सोये है। शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक आवाजों को कुचलना चाहती है, लेकिन एनएसयुआई छात्र-युवाओं के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी। युवा नेतृत्वकर्ता धीरज सिंह ने कहा कि इस भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह विफल हो गई है व्यक्ति क्या भगवान भी सुरक्षित नहीं है। कार्यक्रम में संगठन प्रभारी गोपाल चंद्रवंशी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रभान कोशले, संतोष यादव,नारायणी तोंदर, मणिकांत त्रिपाठी, शिव गायकवाड़, देवव्रत चन्द्रवंशी, विवेक जायसवाल, दुर्गेश जायसवाल, विकास झारिया, नरेन्द्र कौशिक, मेहुल सत्यवंशी, अमर चंद्राकर, आकाश केशरवानी, खेमचंद चन्द्रवंशी, प्रवीण वर्मा,हरदीप, हेमन्त ठाकुर, रोशन ठाकुर,दीपक ठाकुर, प्रकाश योगी, नरेन्द्र वर्मा, अमन वर्मा, नीरज केशरी, राजाराम, प्रमोद केशरी, टेशराम यादव, निखिल टंडन,आरिफ,राहुल चन्द्रवंशी, अजय, राजा, अमन बर्वे, डोगेंद्र सेन, यूनेश सहित बड़ी संख्या में एनएसयुआई एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। एनएसयुआई ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार ने छात्र-युवा विरोधी फैसले वापस नहीं लिए, तो आने वाले समय में प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## ग्राम झिरना के प्राचीन नर्मदा कुंड व मंदिर परिसर का होगा जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण

- मंदिर, मेला स्थल और परिसर में सुविधाओं का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर दूर ग्राम झिरना में स्थित प्रसिद्ध और प्राचीन नर्मदा कुंड व मंदिर परिसर का जल्द ही जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है और आने वाले समय में विकास कार्य शुरू होंगे। आज कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने ग्राम पंचायत चरडोंगरी के अंतर्गत ग्राम झिरना पहुंचकर नर्मदा कुंड, मंदिर और पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने नर्मदा कुंड और मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ-साथ परिसर में जरूरी विकास कार्य कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि कार्यों की रूपरेखा आर्किटेक्ट के माध्यम से तैयार कर व्यवस्थित तरीके से जल्द प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने फरवरी माह में लगने वाले झिरना मेले को ध्यान में रखते हुए कहा कि मेले की सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नर्मदा कुंड और मंदिरों के जीर्णोद्धार, मेला स्थल के समतलीकरण एवं कबीर कुटी के पास मुरमीकरण, पंपहाउस का कार्य, सीमांकन के बाद चारों दिशा में सीसी रोड निर्माण और जाली लगाकर सुरक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्य शिव मंदिर के जीर्णोद्धार और दरवाजे के सुधार के साथ ही शिव मंदिर के सामने स्थित तीन छोटे मंदिरों के जीर्णोद्धार के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने इसके अलावा मंदिर प्रांगण और मेला स्थल में पेवर ब्लॉक लगाने, कुंड से लगी डबरी में पचरी निर्माण, जात्रा तालाब और मेला परिसर में बोर खनन व पाइपलाइन विस्तार, मेन रोड से जात्रा तालाब के पार में दोनों ओर सीसी रोड निर्माण और आंवला अरण्य में बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। झिरना मेला स्थल से पिपरिया पुल तक सड़क चौड़ीकरण, जात्रा तालाब को नर्मदा सरोवर के रूप में विकसित करते हुए सौंदर्यीकरण, मेला स्थल और मंदिर परिसर में हाई मास्क लाइट लगाने, मंदिर के पीछे मां नर्मदा गार्डन बनाने और मंदिर प्रांगण में बाउंड्री वॉल निर्माण के निर्देश भी दिए। उन्होंने इन सभी कार्यों के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने झिरना मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलित शौचालय की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं प्रभारी सीईओ विनय पोयाम, एसडीएम चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 20 व 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के तहत अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के तहत अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा परीक्षा का आयोजन बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में हो रही है। कबीरधाम जिले के अभ्यर्थियों के लिए 20 व 21 जनवरी को परीक्षा तिथि तय की है। जिले से पहुंचने वाले अभ्यर्थियों के लिए ठहरने की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए संबंधित विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

### बसंत की दस्तक...



**कवर्धा।** बसंत ऋतु के आगमन का संकेत देने लगे बौर से लदे आम के पेड़।

#### धर्मनगरी बोड़ला में आयोजित 6 दिवसीय हिंदू संगम का आज अंतिम दिन

## हिंदू संगम में पं. युवराज पाण्डेय की हुंकार, युवा सम्मेलन में भरा राष्ट्रभक्ति का जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

धर्मनगरी बोड़ला की पावन धरा पर आयोजित 6 दिवसीय हिंदू संगम के पांचवें दिन शनिवार, 17 जनवरी को आयोजित भव्य युवा सम्मेलन में राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और धर्म रक्षा का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। नगर की सड़कों से लेकर आयोजन स्थल तक भगवा ध्वज, जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों एवं शहरी क्षेत्रों से आए हजारों युवाओं की सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत का युवा अब धर्म और राष्ट्र के लिए संगठित होकर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि हिंदू संगम का मूल उद्देश्य समाज को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और सनातन गौरव को पुनः स्थापित करना है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, वैचारिक और आध्यात्मिक चेतना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी पहचान पर गर्व करें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य वक्ता रविंद्र जोशी (अखिल भारतीय संयोजक, कुटुंब प्रबोधन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने रामचरित मानस, स्वामी विवेकानंद के जीवन प्रसंगों एवं प्रेरक कथाओं के माध्यम से युवाओं को धर्म, परिवार और संस्कारों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा यदि युवा संस्कारवान और परिवार से जुड़ा रहेगा, तो भारत को पुनः विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने युवाओं से गौ सेवा, नशामुक्त समाज और पारिवारिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित युवराज पांडे ने शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा भारत बुद्ध और युद्ध दोनों का देश है। शास्त्र और शस्त्र दोनों का ज्ञान आवश्यक है।



#### कल होगा महोत्सव का भव्य समापन

6 दिवसीय हिंदू संगम का समापन 18 जनवरी, मौनी अमावस्या को होगा। अंतिम दिन आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर मुख्य वक्ता होंगे सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते करेंगे। हिंदू संगम बोड़ला समिति ने समस्त हिंदू समाज से इस ऐतिहासिक धर्मसभा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## कुई कुकदुर के चंडी देवी मंदिर में मड़ई मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कुई कुकदुर स्थित प्रसिद्ध चंडी देवी मंदिर परिसर में पारंपरिक मेला मड़ई का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणों सहित दूर-दराज़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता चंडी देवी के दर्शन हेतु पहुंचे। मेला मड़ई के दौरान मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, देवी गीत, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में बच्चों, युवाओं और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन के दौरान स्थानीय परंपराओं के अनुसार विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। साथ ही मेले में छोटे दुकानों, झूलों और प्रसाद की दुकानों ने मेले की रौनक बढ़ाई। सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए आयोजन समिति एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा उचित प्रबंध किए गए थे। ग्रामीणों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह मेला मड़ई क्षेत्र की प्राचीन परंपरा है, जो आपसी भाईचारे एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य करता है। आयोजन के सफल संचालन में समस्त ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

